# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।

चरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर-224122 eeupjn.cdambedkarnagar@gmail.com

**पत्रांक-** 3328 / विविध-09 / 57 **दिनांक-** 21/05/2026

**सेवा में,**

जिला सूचना अधिकारी
अम्बेडकरनगर।

**विषयः** – दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनाक-20.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक **" रामनगर के तीन गांवो में अधूरी पड़ी पानी की टंकी"** के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर पत्र में दिनाक-16.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक **" रामनगर के तीन गांवो में अधूरी पड़ी पानी की टंकी"** की आख्या निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|---|
| 1. | रामनगर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले मंसूरगंज, धनसुरपुर और दुर्गुपुर गांवों में 'हर घर नल, हर घर जल' का सपना पूरी तरह अधूरा पड़ा है। हालात यह हैं कि वर्षों बीत जाने के बाद भी यहां पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इतना ही नहीं, गांवों में पानी की सप्लाई के लिए मुख्य पाइपलाइन बिछाने का काम तो अभी तक शुरू भी नहीं किया गया है। निर्माण कार्य की इस सुस्ती से ग्रामीणों में भारी निराशा है।<br>बांस-बल्ली के सहारे ढांचा, महीनों से थमा है काम<br>योजना की जमीनी हकीकत बयां करती तस्वीरें साफ दिखाती हैं कि पानी की टंकी का निर्माण कार्य अभी भी बांस-बल्ली के सहारे ही अटका हुआ है। यह विशाल ढांचा पिछले कई महीनों से इसी आधी-अधूरी स्थिति में खड़ा है। कार्यस्थल पर निर्माण की गति इतनी धीमी है कि स्थानीय निवासियों को निकट भविष्य में भी साफ पेयजल मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। अधूरी टंकी के साथ-साथ गलियों में पाइपलाइन न बिछने के कारण पूरी योजना के क्रियान्वयन और प्रशासनिक दावों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।<br>"सिर्फ बड़े-बड़े वादे मिले, धरातल पर कुछ नहीं"– ग्रामीण<br>इस अव्यवस्था को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा और चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। गांव के निवासी दिवाकर पाण्डेय, रमेश कुमार, सुनील कुमार, नंदलाल और मो. आजाद ने बताया कि योजना की शुरुआत में प्रशासन और ठेकेदारों द्वारा बड़े-बड़े वादे किए गए थे। लेकिन धरातल पर सच्चाई इसके ठीक उलट है—न तो पानी की टंकी तैयार हुई और न ही पाइपलाइन का काम शुरू हुआ। ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और इस अटके हुए काम के पूरा होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। | जनपद अम्बेडकरनगर में ब्लाक-रामनगर में मंसूरगंज पाइप पेयजल योजना निर्माणाधीन है जिसमें तीन राजस्व ग्राम मंसूरगंज, धनसुरपुर एवं दुर्गुपुर राजस्व ग्राम सम्मिलित है। उक्त योजना के सन्दर्भ में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री मिथुन कुमार चक्रवर्ती द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में पाइप लाइन 29109.00 मी0 के सापेक्ष 16654.00 मी0,पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 1451 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 70 नग नल कनेक्शन का कार्य किया गया है। शिरोपरी जलाशय का कार्य 80% प्रतिशत पूर्ण हो गया है । माह-दिसम्बर-2026 तक से टैंक एवं अन्य अवशेष कार्यो को पूर्ण कर टैंक के माध्यम से सभी मजरो में नियमति रूप से जलापूर्ति की जाएगी। |

**संलग्नक- फोटो ग्राफ संलग्न**

**भवदीय**

**(कमला शंकर)**
**अधिशासी अभियन्ता**

पृष्ठ संख्या- / / दिनांकः-

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
5. अधीक्षण अभिन्ता मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अयोध्या कैम्प-कार्यायल सुल्तानपुर।
6. सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।

**अधिशासी अभियन्ता**



bharavi/latter/CDO

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।

चरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर-224122 ✉ eeupjn.cdambedkarnagar@gmail.com

पत्रांक- / / दिनांक-

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी
अम्बेडकरनगर।

**विषयः –** दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनाक-20.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक **" रामनगर के तीन गांवो में अधूरी पड़ी पानी की टंकी"** के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर पत्र में दिनाक-16.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक **" रामनगर के तीन गांवो में अधूरी पड़ी पानी की टंकी"** की आख्या निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|---|
| 1. | रामनगर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले मंसूरगंज, धनसुरपुर और दुर्गुपुर गांवों में 'हर घर नल, हर घर जल' का सपना पूरी तरह अधूरा पड़ा है। हालात यह हैं कि वर्षों बीत जाने के बाद भी यहां पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इतना ही नहीं, गांवों में पानी की सप्लाई के लिए मुख्य पाइपलाइन बिछाने का काम तो अभी तक शुरू भी नहीं किया गया है। निर्माण कार्य की इस सुस्ती से ग्रामीणों में भारी निराशा है।<br>बांस-बल्ली के सहारे ढांचा, महीनों से थमा है काम<br>योजना की जमीनी हकीकत बयां करती तस्वीरें साफ दिखाती हैं कि पानी की टंकी का निर्माण कार्य अभी भी बांस-बल्ली के सहारे ही अटका हुआ है। यह विशाल ढांचा पिछले कई महीनों से इसी आधी-अधूरी स्थिति में खड़ा है। कार्यस्थल पर निर्माण की गति इतनी धीमी है कि स्थानीय निवासियों को निकट भविष्य में भी साफ पेयजल मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। अधूरी टंकी के साथ-साथ गलियों में पाइपलाइन न बिछने के कारण पूरी योजना के क्रियान्वयन और प्रशासनिक दावों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।<br>"सिर्फ बड़े-बड़े वादे मिले, धरातल पर कुछ नहीं"– ग्रामीण<br>इस अव्यवस्था को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा और चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। गांव के निवासी दिवाकर पाण्डेय, रमेश कुमार, सुनील कुमार, नंदलाल और मो. आजाद ने बताया कि योजना की शुरुआत में प्रशासन और ठेकेदारों द्वारा बड़े-बड़े वादे किए गए थे। लेकिन धरातल पर सच्चाई इसके ठीक उलट है—न तो पानी की टंकी तैयार हुई और न ही पाइपलाइन का काम शुरू हुआ। ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और इस अटके हुए काम के पूरा होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। | जनपद अम्बेडकरनगर में ब्लाक-रामनगर में मंसूरगंज पाइप पेयजल योजना निर्माणाधीन है जिसमें तीन राजस्व ग्राम मंसूरगंज, धनसुरपुर एवं दुर्गुपुर राजस्व ग्राम सम्मिलित है। उक्त योजना के सन्दर्भ में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री मिथुन कुमार चक्रवर्ती द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में पाइप लाइन 29109.00 मी0 के सापेक्ष 16654.00 मी0,पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 1451 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 70 नग नल कनेक्शन का कार्य किया गया है। शिरोपरी जलाशय का कार्य 80% प्रतिशत पूर्ण हो गया है । माह-दिसम्बर-2026 तक से टैंक एवं अन्य अवशेष कार्यो को पूर्ण कर टैंक के माध्यम से सभी मजरो में नियमति रूप से जलापूर्ति की जाएगी। |

**संलग्नक- फोटो ग्राफ संलग्न**

भवदीय

(कमला शंकर)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठ संख्या- 3328 / विविध-09 / 57 दिनांकः- 21/05/2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
5. अधीक्षण अभिन्ता मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अयोध्या कैम्प-कार्यायल सुल्तानपुर।
6. सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता




bharavi/latter/CDO

# रामनगर के तीन गांवों में अधूरी पड़ी पानी की टंकी: जल जीवन मिशन ठप, पाइपलाइन का काम भी शुरू नहीं

सूरज | जहांगीर गंज(आलापुर), अम्बेडकरनगर
1 दिन पहले

f X 🔗



पानी की टंकी का निर्माण अधूरा।

रामनगर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले मंसूरगंज, धनसुरपुर और दुर्गुपुर गांवों में 'हर घर नल, हर घर जल' का सपना पूरी तरह अधूरा पड़ा है। हालात यह हैं कि वर्षों बीत जाने के बाद भी यहां पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इतना ही नहीं, गांवों में पानी की सप्लाई के लिए मुख्य पाइपलाइन बिछाने का काम तो अभी तक शुरू भी नहीं किया गया है। निर्माण कार्य की इस सुस्ती से ग्रामीणों में भारी निराशा है।

**बांस-बल्ली के सहारे ढांचा, महीनों से थमा है काम**

योजना की जमीनी हकीकत बयां करती तस्वीरें साफ दिखाती हैं कि पानी की टंकी का निर्माण कार्य अभी भी बांस-बल्ली के सहारे ही अटका हुआ है। यह विशाल ढांचा पिछले कई महीनों से इसी आधी-अधूरी स्थिति में खड़ा है। कार्यस्थल पर निर्माण की गति इतनी धीमी है कि स्थानीय निवासियों को निकट भविष्य में भी साफ पेयजल मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। अधूरी टंकी के साथ-साथ गलियों में पाइपलाइन न बिछने के कारण पूरी योजना के क्रियान्वयन और प्रशासनिक दावों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**"सिर्फ बड़े-बड़े वादे मिले, धरातल पर कुछ नहीं"– ग्रामीण**

इस अव्यवस्था को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा और चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। गांव के निवासी दिवाकर पाण्डेय, रमेश कुमार, सुनील कुमार, नंदलाल और मो. आजाद ने बताया कि योजना की शुरुआत में प्रशासन और ठेकेदारों द्वारा बड़े-बड़े वादे किए गए थे। लेकिन धरातल पर सच्चाई इसके ठीक उलट है—न तो पानी की टंकी तैयार हुई और न ही पाइपलाइन का काम शुरू हुआ। ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और इस अटके हुए काम के पूरा होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।